No. of Printed Pages : 4

ई.एच.डी.-1

10355

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-1 : हिन्दी गद्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। पहला प्रश्न **अनिवार्य** है।*

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से ***किन्हीं तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **3x12=36**

   (a) सभी की आँखों में विलासिता का मद छाया हुआ था। संसार में क्या हो रहा है, इसकी किसी को खबर न थी। बटेर लड़ रहे हैं । तीतरों की लड़ाई के लिए पाली बदी जा रही है । कहीं चौसर बिछी हुई हैं; पौ-बारह का शोर मचा हुआ है । कहीं शतरंज का घोर संग्राम छिड़ा हुआ है। राजा से लेकर रंक तक इसी धुन में मस्त थे ।

   (b) मंसाराम से हँसने-बोलने में उसकी विलासिनी कल्पना उत्तेजित भी होती थी और तृप्त भी । उससे बातें करते हुए उसे एक अपार सुख का अनुभव होता था, जिसे वह

शब्दों में प्रकट न कर सकती थी । कुवासना की उसके मन में छाया भी न थी । वह स्वप्न में भी मंसाराम से कलुषित प्रेम करने की बात न सोच सकती थी । प्रत्येक प्राणी को अपने हमजोलियों के साथ, हँसने -बोलने की जो एक नैसर्गिक तृष्णा होती है, उसी की तृप्ति का यह एक अज्ञात साधन था । अब वह अतृप्त तृष्णा निर्मला के हृदय में दीपक की भाँति जलने लगी ।

(c) बहिन, मैं जानती हूँ माँ-बेटे के संबंध से बढ़कर कोई संबंध नहीं है । पर पति से बढ़कर पत्नी के लिए भी और कुछ नहीं है; पति भी वह जिसके लिए उसने समाज की हि नहीं, वरन् अपने हृदय की भी साक्षी दी है; जिसे वह प्यार करती है । उसके कहने पर वह प्राण दे सकती है परन्तु उसको दु:खी करके वह किसी को सुखी करने की कल्पना नहीं कर सकती। करेगी तो वह पापिन है । सोचो , तुम स्वयं पत्नी हो । यद्यपि तुमने मेरी तरह पति का वरण नहीं किया है , फिर भी तुम उन्हें प्यार करती हो ...... ।'

(d) अमात्य, तुम गौरव किसे कहते हो ? वह है कहाँ ? रोग - जर्जर शरीर पर अलंकारों की सजावट, मलिनता और कलुष की ढेरी पर बाहरी कुंकुम - केसर का लेप गौरव नहीं बढ़ाता । कुटिलता की प्रतिमूर्ति, बोलो! मेरी वाग्दत्ता पत्नी और पिता द्वारा दिये हुए मेरे सिंहासन का अपहरण किसके संकेत से हुआ ? और छल से .... ।

(e) मन फिर घूम गया कौशल्या की ओर, लाखों - करोड़ों कौशल्याओं की ओर, लाखों-करोड़ों कौशल्याओं के द्वारा, मुखरित एक अनाम-अरूप कौशल्या की ओर, इन सब के राम वन में निर्वासित हैं। पर क्या बात है कि मुकुट अभी भी उनके माथे पर बंधा है और उसीके भीगने की इतनी चिंता है ?

2. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' निबंध की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 16

3. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के माध्यम से जयशंकर प्रसाद क्या संदेश देना चाहते हैं ? सोदाहरण बताइए । 16

4. 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक एकांकी में अभिव्यक्त सामाजिक समस्या का विवेचन कीजिए । 16

5. 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए । 16

6. 'निर्मला' उपन्यास की भाषा शैली की विशेषताएँ बताइए । 16

7. द्विवेदी युगीन हिन्दी गद्य के विकास पर प्रकाश डालिए । 16

8. हिन्दी उपन्यास परंपरा में प्रेमचंद के योगदान का वर्णन कीजिए। **16**

9. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **2x8=16**

(a) शुक्ल -पूर्व के हिन्दी निबंध

(b) 'अकेली' की सोमा बुआ

(c) 'ध्रुवस्वामिनी' की भाषा

(d) 'कौमुदी-महोत्सव' का प्रतिपाद्य

(e) 'निर्मला' के तोताराम